हीरो वुमैन इंडियन ओपन में 'वाणी' ने बनाई बढ़त

गुरुग्राम, 24 अक्तूबर (एजैंसी): भारतीय गोल्फर वाणी कपूर ने हीरो वुमैन इंडियन ओपन के तीसरे दौर के बाद एक शॉट की बढ़त हासिल कर 10 साल बाद घरेलू चैंपियन बनने की उम्मीदें मजबूत कर दी हैं।

5 लाख डॉलर की इनामी राशि वाले लेडीज यूरोपियन टूर टूर्नामैंट के तीसरे दौर में 32 वर्षीय वाणी ने 3 अंडर 69 का कार्ड खेला।

उनका कुल स्कोर 5 अंडर 211 है। वह गत चैंपियन सिंगापुर की शैनन टैन और थाईलैंड की 3 बार की विजेता पोर्नानॉन्ग फाटलम से एक शॉट आगे हैं।

टैन ने तीसरे दौर में 67 जबकि फाटलम ने 69 का कार्ड खेला। भारत



की अदिति अशोक ने 2016 में इस टूर्नामैंट का खिताब जीता था।

उसके बाद से कोई भारतीय गोल्फर घरेलू धरती पर यह खिताब नहीं जीत सकी है।

डी.एल.एफ. गोल्फ एंड कंट्री क्लब में वाणी के पास अब इस लंबे इंतजार को खत्म करने का सुनहरा अवसर है। तीसरे दौर में भारतीय खिलाड़ियों का प्रदर्शन कुल मिलाकर अच्छा रहा।